**CBSE Class – 4 Hindi**

**NCERT Solutions**

**रिमझिम पाठ- 9. स्वंत्रता की ओर**

**प्यारे बापू**

**प्रश्न- इस कहानी को पढ़कर तुम्हें बापू के बारे में कई बातें पता चली होगी| उनमे से कोई तीन बातें यहाँ लिखो|**

**उत्तर-** 1. गाँधी जी भारत की स्वंत्रता के लिए लड़ रहे थे|

2. गाँधी जी चरखे पर खादी का सूत कातते थे|


3. गाँधी जी अन्याय का विरोध करते थे|

**चूल्हा**

**धनी की माँ चूल्हा फूँक रही थी|**

**धनी की माँ खाना पकाने के लिए चूल्हे का इस्तेमाल करती थी|**

**नीचे कुछ चित्र बने हैं| इनके नाम पता करो और लिखो|**



**इनमें कौन-कौन से ईंधन का इस्तेमाल किया जाता है?**

**तुम्हारे घर में खाना पकाने के लिए इनमें से किसका इस्तेमाल किया जाता है?**

**उत्तर-** 1. स्टोव,

2. चूल्हा,

3. गैस-स्टोव,

4. कोयले की भट्ठी|

इनमें से नीचे लिखे ईंधनो का प्रयोग होता है-

1. स्टोव- मिट्टी का तेल

2. चूल्हा- लकड़ी

3. गैस-स्टोव- रसोई गैस

4. कोयले की भट्ठी- कोयला|

मेरे घर में खाना पकाने के लिए गैस-स्टोव का इस्तेमाल किया जाता है|

<u>कहानी से आगे</u>

**प्रश्न- नीचे कहानी में आए कुछ शब्द लिखे हैं | कक्षा में चार-चार के समूह में एक - एक चीज के बारे में पता करो-**

**स्वतंत्रता , सत्याग्रह , खादी , चरखा**

**तुम इ स काम में अपने दोस्तों से , बड़ों से , शब्दकोश या पुस्तकालय से सहायता ले सकते हो | जानकारी इकट्ठा करने के बाद कक्षा में इस के बारे में बताओ|**

**उत्तर -** *स्वतंत्रता - आजादी|

*सत्याग्रह - सत्य के लिए किया गया हठ|

*खादी - खद्दर, चरखे से बनाए गए धागे से बना मोटा कपड़ा|

*चरखा - सूत (धागा) कातने का लकड़ी का यंत्र|

**नोट** - इन सबके बारे में सभी बच्चे आपस में चर्चा करें और जानकारी इकट्ठा करके कक्षा में बताएँ|

<u>आगे की कहानी</u>

**प्रश्न- गाँधी जी ने धनी से कहा , " क्या तुम आश्रम में ही रहकर मेरे लिए बिन्नी की देखभाल करोगे?"**

**धनी ने गाँधी जी की बात मान ली|**

**जब गाँधी जी दांडी यात्रा से लौटे होंगे , तब आश्रम में क्या-क्या हुआ होगा ? आगे की कहानी सोच कर लिखो|**

**उत्तर -** जब गाँधी जी दांडी यात्रा से लौटे| धनी ने उन्हें माला पहनाई| तब जल्द से बिन्नी ने बकरी का दूध लाकर गाँधी जी को दिया|

गाँधी जी हँसते हुए बोले, "इतने दिन पैदल चलते-चलते मैं कमजोर हो गया था| अब मेरी ताकत फिर से लौट आएगी|"

मैं सुबह-शाम आपके लिए दूध लेकर आऊँगा| धनी ने खुश होकर कहा| सारे लोग ठहाका लगाकर हँस पड़े|

<u>कहानी से</u>

**प्रश्न- (क) धनी ने गाँधीजी से सुबह के समय बात करना क्यों ठीक समझा होगा?**

**उत्तर-** धनी ने गाँधी जी से सुबह से बात करना इसलिए ठीक समझा होगा क्योंकि गाँधी जी रोज सुबह आश्रम में पैदल घूमते थे|

**(ख) धनी बिन्नी की देखभाल कैसे करता था?**

**उत्तर -** धनी बिन्नी को हरी घास खिलाता था, बर्तन में पानी डालकर उसे  पिलाता था| उसे आश्रम में चारों ओर घूमाता था|

**(ग) धनी को कैसे महसूस हुआ होगा कि आश्रम में कोई योजना बनाई जा रही है?**

**उत्तर-** आश्रम में सभी लोग किसी ख़ास चर्चा में लगे हुए थे| सभी लोग गाँधी जी के कमरे में बैठकर गंभीर बातें करते थे| इन सब बातों से धनी को यह महसूस होगा होगा कि आश्रम में कोई योजना बनाई जा रही है|

कहानी और तुम

**प्रश्न- (क) धनी यात्रा पर जाने के लिए उ त्सुक क्यों था?**

**अगर तुम धनी की जगह होते तो क्या तुम यात्रा पर जाने की जिद करते? क्यों?**

**उत्तर-** धनी यह जानने के लिए उत्सुक था कि यह किस तरह की यात्रा है|

अगर मैं धनी की जगह होता तो मैं यात्रा पर जाने की जिद करता क्योंकि मैं भी चाहता हूँ कि अपने देश के लिए कुछ करूँ|

**(ख) गाँधी जी ने धनी को न जाने के लिए कैसे मनाया?**

**उत्तर-** गाँधी जी ने धनी को बिन्नी की देखभाल के लिए राजी करके मनाया|

ताकत के लिए

**प्रश्न- गाँधी जी ने कहा , " जब मैं वापस आऊँगा तो मुझे खूब सारा दूध पीना पड़ेगा , जिससे कि मेरी ताकत लौट आए|**

**बताओ , खूब सारी ताकत और अच्छी सेहत के लिए तुम क्या - क्या खाओगे - पि ओ गे?**

**चटपटी अंकुरित दाल गरम समोसे**

**करारे गोलगप्पे कुरकुरी मक्का की रोटी**

**खुशबूदार दाल मसालेदार अचार**

**मीठा दूध रसीला आम**

**गर्मागर्म साग ठंडी आइसक्रीम**

**रंग-बिरंगी टॉफी ठंडा शरबत**

**उत्तर-** चटपटी अंकुरित दाल, मीठा दूध, रसीला आम, गर्मागर्म साग, कुरकुरी मक्का की रोटी, खुशबूदार दाल|

विशेषता के शब्द

**प्रश्न- अभी तुमने जिन खाने-पीने की चीजों के नाम पढ़े, उनकी विशेषता बता रहे हैं ये शब्द-**

**चटपटी , मीठा , ग र्म, ठंडा , कु र कु री आदि**

**नीचे लिखी चीजों की विशेषता बताने वाले शब्द सोचकर लिखो -**

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **हलवा** | | **पेड़** |
| | **नमक** | | **चीटी** |
| | **पत्थर** | | **कुर्ता** |
| | **चश्मा** | | **झंडा** |

उत्तर -

| | | | |
|---|---|---|---|
| **मीठा** | हलवा | **घना** | पेड़ |
| **सफ़ेद** | नमक | **छोटी** | चीटी |
| | | | |



Material Downloaded From SUPERCOP

| | | | |
|---|---|---|---|
| **चिकना** | पत्थर | **लम्बा** | कुर्ता |
| **मोटा** | चश्मा | **लाल** | झंडा |

**चाँद की बिंदी**

**प्रश्न- नीचे लिखे शब्दों में सही जगह पर ं या ँ लगाओ|**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **धुआ** | **कुआ** | **फूक** | **कहा** |
| **स्वतत्र** | **बाध** | **मा** | **गाव** |
| **बदगोभी** | **इतजार** | **पसद** | |

**उत्तर-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| धुआँ | कुआँ | फूँक | कहाँ |
| स्वतंत्र | बाँध | माँ | गाँव |
| बंदगोभी | इंतजार | पसंद | |

**किसकी जिम्मेदारी?**

**प्रश्न- धनी को बिन्नी की देखभाल करने की जिम्मेदारी दी गई थी|**

**इनकी क्या-क्या जिम्मेदारियाँ थी?**

**माँ**

**पिता**

**उत्तर-** * माँ की जिम्मेदारी खाना पकाने की थी|

*पिता को चरखा काटकर धागा बनाने की जिम्मेदारी दी गई थी|

*बिंदा को सब्जियाँ उगाने की जिम्मेदारी दी गई थी|